# कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर

व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)–492002

**Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,**

**Website- https://vyapam.cgstate.gov.in, https://vyapamaar.cgstate.gov.in/**


**PET/PPHT ENTRANCE EXAM -2024**
**B.E/ B.Tech, B.Tech (Agriculture Engg), B.Tech. (Food Tech), B.Tech (Dairy Tech), Diploma in Dairy Tech(DDT), B. Pharmacy, D. Pharmacy**

## ऑनलाइन आवेदन करने की विधि

Application Form में क्लिक करते ही “ON LINE APPLICATION FOR **PET24 and PPHT24** का एक पेज खुलेगा’’ जिसमें दी गई जानकारी अनुसार कार्य करें ।

- ऑनलाइन आवेदन के साथ अभ्यर्थी की जाति, जन्मतिथि, स्थानीय निवासी आदि सम्बंधी प्रमाण–पत्र नहीं लिए जा रहे हैं । अभ्यर्थी के सभी प्रमाण–पत्र का परीक्षण काउंसिलिंग के दौरान की जाएगी । अभ्यर्थी द्वारा दी गई गलत जानकारी के लिए व्यापम जवाबदार नहीं होगा । इसका संपूर्ण उत्तरदायित्व उसका स्वयं का होगा ।
- ऑनलाइन आवेदन में हुई त्रुटि को फार्म जमा करने के लिए निर्धारित समय–सीमा के दौरान भी सुधार कर सकते हैं । इसके अलावा ऑनलाइन फार्म भरने की अंतिम तिथि के पश्चात् भी 03 दिवस का समय दिया जायेगा । परीक्षा दिवस को ओ.एम.आर. उत्तरशीट पर कोई त्रुटि सुधार की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी ।
- आवेदन पत्र को सफलतापूर्वक सबमिट करने के बाद कृपया इसका प्रिंट आउट अपने पास अनिवार्य रूप से रखें ।
- आवेदन भरने के पूर्व विभाग द्वारा जारी प्रवेश नियमों को ध्यान से पढ़ें तथा पात्र होने पर ही आवेदन करें ।

Exam Pre-requisites :-

बैचलर ऑफ टेक्नालॉजी (बी.टेक.) पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु शैक्षणिक अर्हता–

1. बी.टेक. के प्रमुख विषय क्षेत्रों में प्रवेश हेतु (10+2) शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा की परीक्षा, अभातशिप द्वारा निर्धारित मुख्य तीन विषयों को मिलाकर अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के लिये कम से कम 45 प्रतिशत एवं छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा निःशक्तता से बाधित अभ्यर्थियों के लिये 40 प्रतिशत प्राप्तांकों के साथ उत्तीर्ण । तीनों मुख्य विषयों में संबंधित बोर्ड के नियमानुसार (सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रश्न पत्रों में) पृथक–पृथक उत्तीर्ण होना भी अनिवार्य है अथवा बी. टेक के प्रमुख विषय क्षेत्रों में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी को डिप्लोमा वोकेशनल मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से अभातशिप द्वारा निर्धारित उसी या संबद्ध विषय क्षेत्र में उत्तीर्ण ।

बैचलर ऑफ फॉर्मेसी (बी. फॉर्मेसी टेक.) एवं डिप्लोमा फॉर्मेसी (डी. फॉर्मेसी) पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु शैक्षणिक अर्हता–

1. चार वर्षीय बी. फॉर्मेसी के डिग्री पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु (10+2) शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं की परीक्षा मान्यता प्राप्त बोर्ड से अनिवार्य तीन विषयों के रूप में भौतिक, रसायन एवं गणित/जैवप्रौद्योगिकी/बायोलॉजी विषय के साथ इन तीनों मुख्य विषयों को मिलाकर अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के लिये कम से कम 45 प्रतिशत एवं छ.ग. के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा निःशक्तता से बाधित अभ्यर्थियों के लिये 40 प्रतिशत प्राप्तांकों के साथ उत्तीर्ण । तीनों मुख्य विषयों में

संबंधित बोर्ड के नियमानुसार (सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रश्न पत्रों में) पृथक–पृथक उत्तीर्ण होना भी अनिवार्य है। बी. फॉर्मेसी में प्रवेश के लिए कक्षा 12वीं में एक विषय अंग्रेजी होना अनिवार्य है ।

2. द्विवर्षीय डिप्लोमा फॉर्मेसी पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु (10+2) शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत 12वीं की परीक्षा मान्यता प्राप्त बोर्ड से अनिवार्य तीन विषयों के रूप में भौतिक, रसायन एवं गणित/जैवप्रौद्योगिकी/बायोलॉजी विषय के साथ इन तीनों मुख्य विषयों को मिलाकर अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के लिये कम से कम 45 प्रतिशत एवं छ.ग. के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा निःशक्तता से बाधित अभ्यर्थियों के लिये 40 प्रतिशत प्राप्तांकों के साथ उत्तीर्ण । तीनों मुख्य विषयों में संबंधित बोर्ड के नियमानुसार (सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रश्न पत्रों में) पृथक–पृथक उत्तीर्ण होना भी अनिवार्य है।

Choose Subject Group for Pre. Pharmacy Test (PPHT) Entrance Examination-
(PPHT हेतु आप जिस समूह में परीक्षा देना चाहते हैं, उसे चुने)

- ○ BIOLOGY GROUP (PCB)
- ○ MATHS GROUP (PCM)

Please Enter your Email Id

Exam Applied For : (आवेदित परीक्षा) –
आप जिस परीक्षा हेतु आवेदन देना चाहते हैं, कृपया उसे चयन करें–

○ PET- B.E./ B.Tech., B.Tech (Agriculture Engineering), B.Tech. (Food Tech.), B.Tech (Dairy Technology), Diploma in Dairy Technology (DDT),
○ PPHT- B. Pharmacy, D. Pharmacy

टीप – Basic Information/मूलभूत जानकारी, Other Information/अन्य जानकारी, Present Address स्वयं से आपके द्वारा दी गई **प्रोफाइल रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) से आ जायेगी ।**

Exam city- जिस शहर में परीक्षा देने चाहते हैं का चयन करें ।

For Physically Handicapped Candidate : Do you need to scribe (Writer) ?-
(क्या आपको सहलेखक की आवश्यकता है ?)
Yes या No में से सेलेक्ट करें।

Class/ श्रेणी–
Do you belong to any class ?- क्या आप किसी वर्ग (Eg. भूतपूर्व सैनिक) (थल सेना/नौ सेना/वायुसेना) में कार्यरत थे तथा जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा आपको पहचान पत्र जारी किया गया है)
Yes या No में से सेलेक्ट करें।

Class/ श्रेणी–

☐ Freedom Fighter (FF) ☐ Sainik Varg (S) ☐ Krishak (KR) ☐ J&K Migrant (KR)

आप जिस वर्ग से संबंधित है, उसे सेलेक्ट करें।

जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा प्रदत्त पहचान पत्र क्रमॉंक – अंकित करें ।

रक्षा लेखक नियंत्रक (पेंशन) द्वारा जारी पेंशन भुगतान आदेश (पी पी ओ) नंबर – अंकित करें ।

Declaration- (घोषणा) – इसमें यह दिया गया है कि –

''मैं यह घोषणा करता/करती हूँ कि, मैं भारत का नागरिक हूँ, मेरे द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र में स्वयं के नाम, श्रेणी, वर्ग, जन्मतिथि, डाक पता एवं अन्य दी गई सूचना मेरी जानकारी एवं विश्वास में सही है, जिसके सत्यतापूर्वक और सही होने की मैं घोषणा करता/करती हूँ । मैंने विभाग द्वारा जारी प्रवेश नियमों एवं व्यापम के नियमों को पढ़ा है एवं समझा है । यदि ऊपर दी गई कोई भी जानकारी असत्य पायी जाती है तो प्रवेश प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर मुझे पूर्व सूचना दिये बिना मेरी अभ्यर्थिता समाप्त की जा सकती है।''

I Agree–/(मैं सहमत हूँ) –इसमें उपरोक्त Declaration घोषणा को पढ़कर समझने के बाद अपनी सहमति प्रकट करते हुए सहमत हूँ पर क्लिक करें ।

Captcha/कृपया कैप्चा को दर्ज करें ।
**इसके पश्चात Submit में क्लिक करें ।**

..............................................